# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी।

| प्रेषक : | सेवा में, |
|---|---|
| सचिव,<br>हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,<br>भिवानी । | सभी सम्बन्धित,<br>प्राचार्य / मुख्याध्यापक / आचार्य गुरूकुल,<br>राजकीय / अराजकीय विद्यालय। |

क्रमांक: 2886 / एनरोलमैन्ट                महत्त्वपूर्ण सूचना                दिनांक : 31/08/2026

विषयः– शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 10वीं एवं 12वीं में विद्यालय परिवर्तन / **Direct Admission** से सम्बन्धित विद्यार्थियों को प्रवेश देने की सूचना बोर्ड कार्यालय में भेजने बारे।

महोदय / महोदया,

आपके सूचनार्थ लिखा जाता है कि कक्षा नौंवी, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं की पढ़ाई एकीकृत पाठ्यक्रम (Integrated Course) के तहत आती है। वर्णित कक्षाओं का एकीकृत पाठ्यक्रम होने के कारण किसी भी छात्र / छात्रा को कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में वैध कारण होने पर ही विद्यालय परिवर्तन की स्वीकृति दी जानी है। यदि किसी छात्र / छात्रा द्वारा वैध कारण सहित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में विद्यालय परिवर्तन किया जाता है तो उस स्थिति में दाखिला लेने के एक महीने के अन्दर–अन्दर सम्बन्धित विद्यालय के मुखिया द्वारा इस Circular में वर्णित दस्तावेज On-line माध्यम से बोर्ड की अधिकारिक website **www.bseh.org.in** पर दिए गए लिंक पर upload करवाएं। सभी विद्यालयों के मुखियाओं को निर्देशित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में विद्यालय परिवर्तन करते हुए प्रवेश लेने वाले छात्र / छात्राओं को बोर्ड कार्यालय के प्रावधान एवं अन्य राज्यों / बोर्डों से आए विद्यार्थियों के बोर्ड कार्यालय की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध समकक्षता सूची के मिलान / जांच उपरान्त दाखिला दिया जाना है।

अतः कक्षा दसवीं में दाखिला लेने के लिए कक्षा नौवीं का रिपोर्ट कार्ड / दसवीं की अनुत्तीर्ण अंकतालिका व एस.एल.सी. / टी.सी. की प्रमाणित प्रति एवं अन्य राज्यों से आने वाले छात्रों की जिला / खण्ड शिक्षा अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित एस.एल.सी. / टी.सी. अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में दाखिला लेने हेतु कक्षा दसवीं का प्रमाण पत्र, कक्षा ग्यारहवीं का रिपोर्ट कार्ड / कक्षा बारहवीं की अनुत्तीर्ण अंकतालिका व एस.एल.सी. / टी.सी. की प्रमाणित प्रति एवं अन्य राज्यों से आने वालें छात्रों की जिला / खण्ड शिक्षा अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित एस.एल.सी. / टी.सी. अपलोड करें। इसके अतिरिक्त विद्यालय ऐसे सभी छात्रों / छात्राओं के माता–पिता द्वारा नोटरी से सत्यापित शपथ–पत्र भी साथ में अपलोड करवाएं, शपथ–पत्र प्रारूप पोर्टल पर उपलब्ध है। उक्त अनुसार सभी विद्यार्थियों का डाटा तैयार करते हुए प्रवेश देने की अंतिम तिथि के बाद एक माह तक बोर्ड की वैबसाईट पर दिए गए लिंक में Option अनुसार दस्तावेज Upload किए जाने हैं।

भवदीय

Sd/- 27/8/26

सहायक सचिव, एनरोलमैन्ट शाखा
कृतेः सचिव